प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. भारत ने जीता एशिया कप टी–20 क्रिकेट का खिताब, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई– कहा; खेल के मैदान में भी ऑपरेशन सिंदूर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी दी शुभकामना।
2. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जेल में बंद कारोबारी विनय सिंह के ठिकानों पर की छापेमारी, कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद ।
3. धनबाद में एसएससी सीजीएल परीक्षा में सिस्टम हैक कर कदाचार करते एक अभ्यर्थी गिरफ्तार, परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी , उसके सर्वर कर्मी और अन्य सहयोगियों पर प्राथमिकी दर्ज।
4. राज्य भर में नवरात्र पर उत्साह का माहौल, सुरक्षा और शांति को लेकर कई जिलों में पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च।
5. और राज्य में अगले चार दिनों तक गरज के साथ बारिश के आसार ,मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

*******************

एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया । भारत ने 9वीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई थी।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने भविष्य में भी भारतीय टीम का गौरव बने रहने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एशिया कप टूर्नामेंट में भारत–पाकिस्तान फाइनल की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करते हुए कहा कि नतीजा वही रहा और भारत जीत गया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को बधाई। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भारतीय टीम को जीत की शुभकामनाएं दी।

*******************

देवघर के क्रिकेट खिलाड़ी शुभम सिंह का चयन झारखंड की रणजी ट्रॉफी टीम में हुआ है, जबकि शमशाद अहमद को कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी (अंडर–23) में झारखंड टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए देवघर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विजय झा ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जिले के और खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

*******************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में चल रही 64 वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल एथलीटों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कुल 13 फाइनल मुकाबलों में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर रिकॉर्ड भी तोड़े। सेना के धावक मणिकांत होबलीधर ने 10.19 सेकेंड का समय निकाल कर 2023 में बेंगलुरु में बनाये गये अपने ही मीट रिकॉर्ड को तोड़ा। वहीं, झारखंड की पुरुष रिले टीम ने चार गुणा सौ मीटर रिले के फाइनल में जगह बनायी।

*******************

शराब घोटाला और हजारीबाग में जमीन की अवैध जमाबंदी मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जेल में बंद आरोपी कारोबारी विनय कुमार सिंह के ठिकानों पर कल कई घंटे छापेमारी की। इस दौरान कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं ।

*******************

धनबाद में एसएससी सीजीएल परीक्षा में सिस्टम हैक कर कदाचार करते पटना के एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना को लेकर बरवाअड्डा थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में अभ्यर्थी के साथ–साथ परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी , उसके सर्वर कर्मी और अन्य सहयोगियों को आरोपी बनाया गया है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल को वन्य जीव अभ्यारण्य  घोषित करने को लेकर मंत्रियों का दल कल सारंडा का दौरा करेगा। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता वाली टीम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और कल्याण मंत्री चमरा लिंडा शामिल हैं।  मंत्रियों की टीम क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक पहलुओं की सिफारिशें राज्य सरकार को सौंपेगी।

*******************

राज्य समेत देशभर में नवरात्र पर उत्साह का माहौल है। आकर्षक और भव्य पंडालों में माता दुर्गा के दर्शन को भक्त उमड़ रहे है। इसे देखते हुए सुरक्षा और शांति को लेकर प्रदेश के कई जिलों में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया। हजारीबाग जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक  अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया।

*******************

साहिबगंज जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य सामग्री उन्नयन योजना के तहत लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों से वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम हुआ है और लोगों को राहत मिली है।

*******************

राज्य में अगले चार दिनों तक गरज के साथ बारिश के आसार है। रांची मौसम केन्द्र में इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने एशिया कप में भारत की अजेय जीत  की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

इसके साथ एसीबी की कार्रवाई को भी प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है – ऑपरेशन एशिया कप : घुटनों पर पाकिस्तान, भारत का विजय तिलक।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऑपरेशन तिलक।

हिन्दुस्तान ने दबिश : विनय सिंह के ठिकानों पर छापे,शीर्षक के साथएसीबी की कार्रवाई को पहली सुर्खी बनाई है।

मौद्रिक नीति की बैठक आज से , दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर इस खबर को लीड बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने एसीबी की रांची में छापेमारी को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

तमिलनाडू में भगदड़ से हुए हादसे की खबर को अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रमुखता दी है।

********************